# Teachingninja.in

- Latest Govt Job updates
- Private Job updates
- Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# RPSC AAO Previous Year Paper 1 2018 (Gen, Hindi, G.K.) (English)

Teachingninja.in

Teachingninja.in

I-4
(7) - Hindi & G.K
31/5/19
(M)

AAO - 2018, Paper-I
Ag. Deptt.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
Number of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 120
No. of Questions in Booklet : 120

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 714633

# OAA-91

**Subject Code : 01**

**विषय / SUBJECT :**

**GEN. HINDI & G.K.**

## PAPER - I - हिन्दी, जी. के.

**समय : 2.00 घण्टे**
**Time : 2.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 360**
**Maximum Marks : 360**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 अंक कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

01

Teachingninja.in

1. किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?

(1) विशाखा (2) विश्वास

(3) विधान (4) विद्या

2. किस विकल्प में उपसर्ग और प्रत्यय – दोनों का प्रयोग हुआ है ?

(1) विशिष्टता

(2) प्राथमिकता

(3) वैश्विकता

(4) नैतिकता

3. किस शब्द में एक से अधिक उपसर्ग हैं ?

(1) उपस्थिति

(2) अवतरण

(3) अभिभाषण

(4) व्याकरण

4. इनमें से कौन सा समास-विग्रह सही नहीं है ?

(1) धर्मविमुख = धर्म से विमुख

(2) आपबीती = आप पर बीती

(3) हवनसामग्री = हवन की सामग्री

(4) जलधारा = जल की धारा

5. कौन सा समास-विग्रह गलत है ?

(1) चौराहा = चार हैं जो रास्ते

(2) तपोधन = तप (तपस्या)ही धन है जिसका

(3) नीलोत्पल = नीला है जो उत्पल

(4) राष्ट्रभक्ति = राष्ट्र के लिए भक्ति

6. इनमें कौन सा सामासिक पद सही नहीं है ?

(1) युद्ध में स्थिर है जो = युधिष्ठिर

(2) जितना संभव हो = यथासाध्य

(3) जीवन पर्यन्त = आजीवन

(4) शीत और उष्ण = शीतोष्ण

7. कौन सा समास-विग्रह गलत है ?

(1) कालीमिर्च = काली है जो मिर्च

(2) सभामंडप = सभा के लिए मंडप

(3) मनमाना = मन से माना हुआ

(4) बलिपशु = पशु की बलि

8. इनमें कौन सा सामासिक पद सही नहीं है ?

(1) चार हैं आनन जिसके = चतुरानन

(2) लम्बा है उदर जिसका = लम्बोदर

(3) दश हैं मुख जिसके = दशानन

(4) तीन हैं नेत्र जिसके = त्रिनेत्र

9. कौन सा समास-विग्रह सही है ?

(1) घुड़दौड़ = घोड़ों के लिए दौड़

(2) चिड़ीमार = चिड़ियों को मारने वाला

(3) गंगास्नान = गंगा का स्नान

(4) रणनिमंत्रण = रण का निमंत्रण



Teachingninja.in

10. निम्नलिखित में से 'विद्या-विधा' का सही अर्थ भेद कौन सा है ?

(1) ज्ञान-ढंग

(2) ढंग-ज्ञान

(3) रीति-ज्ञान

(4) ज्ञान-विज्ञान

11. निम्नलिखित में से 'शिरा-सिरा' युग्म का सही अर्थ-भेद है :

(1) छोर - नाड़ी

(2) नाड़ी - छोर

(3) सिर - हलुआ

(4) हलुआ - सिर

12. कौन सा शब्द 'कुबेर' का पर्यायवाची नहीं है ?

(1) किन्नरेश (2) कोविद

(3) धनाधिप (4) यक्षराज

13. 'संन्यासी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है

(1) परिव्राजक (2) वैरागी

(3) यति (4) महीपति

14. 'हरिण' का पर्यायवाची शब्द है

(1) विहग (2) खग

(3) हंस (4) मृग

15. 'बादल' का पर्यायवाची शब्द कौन सा है ?

(1) पयोधि (2) नीरज

(3) पयोद (4) अब्ज

16. निम्नलिखित में से 'मेल-मैल' युग्म का सही अर्थ-भेद है :

(1) गंदगी – एकता

(2) एकता – गंदगी

(3) स्वभाव – आदत

(4) मैला – कुचैला

17. 'गृह-ग्रह' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है

(1) तारा – घर

(2) घर – सूर्यग्रहण

(3) सूर्य – तारा

(4) घर – तारा

18. 'सुमन-सुअन' शब्द-युग्म का अर्थ-भेद है

(1) पुष्प – हनुमान

(2) पुष्प – पुत्र

(3) पुष्प – जंगल

(4) पुष्प – सुगंध

19. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'नामवर' शब्द का विलोम है ?

(1) नामी (2) बदनाम

(3) अनिपुण (4) दबंग



Teachingninja.in

20. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अधम' शब्द का विलोम है ?

(1) उधम (2) सधम

(3) उत्तम (4) अगम

21. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'पालतू' शब्द का विलोम है ?

(1) घरेलू (2) अछूत

(3) थलचर (4) जंगली

22. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) कवयित्री, प्रज्जवलित

(2) तत्कालिक, त्रिनयना

(3) संन्यास, श्मशान

(4) वाल्मीकी, विभीषिका

23. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) प्रत्युत, स्वामीभक्ति

(2) सदृश, पौरुष

(3) प्रफुल्ल, विहंगिनी

(4) सुषमा, वृष्टी

24. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) दुरात्मागण, सत्त्वगुणी

(2) सकुशलपूर्वक, मनोयोग

(3) निर्पेक्ष, असहय

(4) सौहार्द, स्थायित्व

25. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) सिन्दूर, उपर्युक्त

(2) द्रवीभूत, अन्तर्ध्यान

(3) ललायित, प्रांगण

(4) साधूवाद, संगृहीत

26. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) प्रतिनिधिक, पैतृक

(2) अभ्यस्थ, आगामी

(3) चरमोत्कर्ष, चवालीस

(4) फाल्गुन, पुज्य

27. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) मैं देखूँगा कि यह काम हो सकता है या नहीं।

(2) वह बड़ी लड़ाकी औरत है ।

(3) अपना दोष दूसरों के सिर क्यों जड़ते हो ?

(4) सोहन से मिलो और उससे यह बातें बताओ ।

28. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) क्या आपने विंध्याचल पर्वत देखा है ?

(2) हम घमासान युद्ध लड़ने को तैयार हैं ।

(3) जैसी इस वर्ष वर्षा हुई वैसी कभी पहले नहीं हुई ।

(4) दानवीर कर्ण दान देने में बहुत प्रसिद्ध थे ।



Teachingninja.in

29. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(1) हम दोनों का घोर संबंध है ।

(2) उसको यह वाली बातें मत बोलो ।

(3) श्याम हमेशा सशंकित रहता है ।

(4) मैंने स्वेच्छा से यह काम किया है ।

30. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(1) वह निःसंतान दंपती की संतान हैं ।

(2) उसके घर की शोभा देखते ही बनती है ।

(3) मुझे एक पानी का गिलास चाहिए ।

(4) तुमने तो मुझे बड़ी निराशा दी ।

31. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है :

(1) मेरी कुछ समझ में न आया ।

(2) बच्चो ! मेरी बातें ध्यान से सुनो ।

(3) आप हम पर कृपा करें ।

(4) वह आगे बढ़ने का प्रयत्न करता है ।

32. "जो ज्ञानेंद्रियों की पहुँच के बाहर हो," वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(1) अतींद्रिय

(2) जितेंद्रिय

(3) इंद्रियगोचर

(4) इंद्रियनिग्रह

33. किस विकल्प में 'वाक्यांश के लिए' प्रयुक्त शब्द सही नहीं है ?

(1) जो अपने सीमित क्षेत्र या ज्ञान से बाहर न जाता हो – कूपमंडूक

(2) जिसकी सारी इच्छाएँ तृप्त हो गई हों – पूर्णकाम

(3) जो विश्वास करने योग्य हो – विश्वस्त

(4) वह जो कम खर्च करता हो – अपव्ययी

34. "वह जो किए हुए उपकार को न माने," वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(1) कृतज्ञ (2) कृतघ्न

(3) कृतकार्य (4) कृतार्थ



Teachingninja.in

35. किस विकल्प में दिए गए 'वाक्यांश के लिए' गलत शब्द प्रयुक्त हुआ है ?

(1) माता-पिता का संतति के प्रति प्रेम – वात्सल्य

(2) अनायास प्रसन्न होने वाला – आशुतोष

(3) अतिथियों की सेवा करने वाला – अभ्यागत

(4) समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे – प्रत्युत्पन्नमति

36. "वह भूमि जिसमें लवणता के कारण कुछ भी नहीं उगता," वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा

(1) परती (2) कछार

(3) बीहड़ (4) ऊसर

37. किस विकल्प में मुहावरे का सार्थक प्रयोग हुआ है ?

(1) पंडितजी को उपदेश देकर तुम सूरज को दीपक दिखाने का प्रयास कर रहे हो ।

(2) यज्ञ करते समय आग में घी डाला जाता है ।

(3) मिठाई देखते ही मुँह में पानी भर आता है ।

(4) कुछ अन्य जीव भी गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं ।

38. "ताजमहल का अनुपम सौंदर्य देखकर सभी पर्यटक ________ ।" रिक्त स्थान में उपयुक्त मुहावरा होगा

(1) चैन की बंसी बजाते हैं

(2) दाँतों तले उँगली दबाते हैं

(3) छोटा मुँह बड़ी बात करने लगते हैं

(4) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनते हैं

39. किस वाक्य में मुहावरे का सार्थक प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) नौकरी छूट जाने के कारण वह मित्रों के आगे हाथ फैला रहा है ।

(2) चौकीदार के शोर मचाते ही चोर नौ-दो ग्यारह हो गए ।

(3) घरवालों द्वारा देरी से आने का कारण पूछने पर वह बगलें झाँकने लगी ।

(4) भैंस के आगे बीन बजाने से वह बिदक जाती है ।

40. "कुसुम ने बच्चों के झगड़े को ________ भाइयों में मारपीट करवा दी ।" रिक्त स्थान में उपयुक्त मुहावरा होगा

(1) बाल की खाल निकालकर

(2) डंका बजाकर

(3) तिल का ताड़ बनाकर

(4) हवा में उड़ाकर



Teachingninja.in

41. "अपने वचन के अनुसार मेरे रुपए लौटा दो, नहीं तो मुझे ________ आता है ।" रिक्त स्थान में उपयुक्त मुहावरा होगा

(1) दाँत खट्टे करना

(2) टेढ़ी उँगली से घी निकालना

(3) छाती पर मूँग दलना

(4) तीन–पाँच करना

42. सही हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है

(1) TILLER - जुताई

(2) TIME OFF - स्वाल्पावकाश

(3) TIE – गाँठ

(4) TILT – झुकाव

43. 'CAPITAL' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है

(1) राजधानी

(2) स्तम्भशीर्ष

(3) सामर्थ्य

(4) दीर्घाक्षर

44. 'AGRO-IMPLEMENTS' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है

(1) कृषि उपकरण

(2) कृषि विपणन

(3) कृषि निविष्टियाँ

(4) कृषि उत्पादन

45. सही हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है

(1) Polling Booth – मतदान बूथ

(2) Pooling – मतदान

(3) Polling Officer – मतदान अधिकारी

(4) Polling Station – मतदान केन्द्र

46. Demonstration का हिन्दी पारिभाषिक अर्थ नहीं होता है

(1) प्रदर्शन (2) निदर्शन

(3) प्रमाण (4) प्रत्याख्यान

47. स्वामी रामतीर्थ को बचपन से ही सत्संग का बड़ा शौक़ था । राम और कृष्ण की कथाएँ सुनकर उनकी आँखें सजल हो जाती थीं, रोम–रोम में प्रेम का संचार हो जाता था । सच है ________।

रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है

(1) हलक से निकली ख़लक में पड़ी

(2) होनहार बिरवान के होत चीकने पात

(3) होनहार मिटती नहीं होवे बिस्से बीस

(4) हज़ारों टाँकी सहकर ही महादेव होते हैं



Teachingninja.in

48. संसार में कोई सुन्दर है तो कोई कुरूप, कोई स्वस्थ है तो कोई रुग्ण, कोई करोड़पति है तो कोई अकिंचन, इसीलिए कहा गया है कि ________।
रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है

(1) ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया
(2) इब्तिदा-ए-इश्क़ है, रोता है क्या, आगे-आगे देखिए, होता है क्या
(3) इहां न लागहि राउरि माया
(4) ईतर के घर तीतर, बाहर-बाँधूं कि भीतर

49. किस विकल्प में लोकोक्ति का वाक्य में सार्थक प्रयोग किया गया है ?

(1) घर का जोगी तो जोगड़ा ही होता है, आन गाँव का सिद्ध होता है ।
(2) जहँ जहँ चरन पड़े सन्तन के तहँ तहँ बंटाधार होता ही है ।
(3) मैं उनका नमक खाता हूँ, तब उनकी-सी न कहूँ तो करूँ क्या ? मनुष्य को चाहिए कि जहाँ का पीवे पानी, वहीं की बोले बानी ।
(4) जाति-पाँति पूछै नहिं कोई हरि को भजे सो हरि का होई होता ही है ।

50. राम पैसे तो अच्छे दे रहा है पर देगा तीन महीने बाद जबकि श्याम कम पैसों में खरीदेगा पर हिसाब तुरन्त करेगा; मैं तो श्याम को ही बेचूँगा । मेरी तो नीति है कि ________।

(1) नौ दिन चले अढ़ाई कोस ।
(2) नौ मन तेल खाये फिर तिलेर का तिलेर ।
(3) नन्हें होकर रहिए जैसे नन्हीं दूब ।
(4) नौ नगद न तेरह उधार ।

51. किस वाक्य में लोकोक्ति का सार्थक प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) आप चलकर शहर में रहिए और वहाँ अध्यापन कार्य कीजिए । यहाँ तो आपकी विद्या की कोई कद्र नहीं क्योंकि जंगल में मोर नाचा किसने देखा ।
(2) जब तुम गाँव से शहर में पढ़ने आए थे तब तो बड़े सरल थे परन्तु अन्य शैतान विद्यार्थियों के साथ रहकर तुम भी वैसे ही हो गये । सच है – चंदन की चुटकी भली, गाड़ी भरा न काठ ।
(3) मोहन प्रातःकाल मज़दूरों को बुलाने गया और उनसे पूछा तुम लोग दरवाजा खुला रखकर अभी तक सो रहे थे । धनकू ने उत्तर दिया – क्या करें ? गाय न बाछी नींद आवे आछी ।
(4) फ़सल पककर तैयार है, मुझे बैल की बहुत ज़रूरत थी, इसीलिए इसे ₹ 2000 में खरीदा है, क्योंकि आँखों पर पलकों का बोझ नहीं होता ।



Teachingninja.in

52. इनमें से किस विकल्प की संधि सही है ?

(1) कवि + इन्द्र = कविन्द्र

(2) राम + ईश = रमेश

(3) सखी + उचित = सख्युचित

(4) सत् + नारी = सद्नारी

53. इनमें से किस विकल्प की संधि सही नहीं है ?

(1) जल + ओघ = जलौघ

(2) एक + एक = एकेक

(3) षट् + मास = षण्मास

(4) सु + अच्छ = स्वच्छ

54. इनमें से किस विकल्प का संधि-विच्छेद सही है ?

(1) निष्ठुर = नि + स्थुर

(2) पर्यटन = परी + अटन

(3) वार्तालाप = वार्त + अलाप

(4) भानूदय = भानू + उदय

55. इनमें कौन सा संधि-शब्द गलत है ?

(1) मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

(2) देवी + अर्पण = देव्यर्पण

(3) वाक् + ईश = वागीश

(4) वर्षा + ऋतु = वर्षार्तु

56. इनमें कौन सा संधि-विच्छेद सही नहीं है ?

(1) धनेश = धन + ईश

(2) राकेश = राक + ईश

(3) उरगारि = उरग + अरि

(4) अतएव = अतः + एव

57. इनमें कौन सा संधि-शब्द गलत है ?

(1) सु + सुप्ति = सुषुप्ति

(2) सत् + शास्त्र = सच्छास्त्र

(3) अभि + इष्ट = अभिष्ट

(4) स्व + इच्छा = स्वेच्छा

58. इनमें से किस विकल्प में 'गार' प्रत्यय है ?

(1) कोषागार

(2) खिदमतगार

(3) सभागार

(4) उद्गार

59. इनमें से किस शब्द में 'ल' प्रत्यय नहीं है ?

(1) वत्सल (2) श्यामल

(3) अमल (4) मंजुल

60. इनमें से किस शब्द में 'परा' उपसर्ग है ?

(1) परामर्श (2) परायण

(3) पराधीन (4) परार्ध



Teachingninja.in

61. निम्न में से कौन सा कथन बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह के विषय में सत्य नहीं है ?

(1) महाराजा गंगा सिंह 'नरेन्द्र मंडल' (भारतीय राजकुमारों का मण्डल) के प्रथम अध्यक्ष थे।

(2) 1930 ई. के प्रथम गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था।

(3) उनके शासनकाल में 'गजशाही' सिक्के प्रारम्भ हुए।

(4) 1913 ई. में उन्होंने बीकानेर में 'प्रजा प्रतिनिधि सभा' की स्थापना की।

62. जूनागढ़ किले का निर्माण करवाया गया था

(1) रायसिंह

(2) कल्याणमल

(3) अनूपसिंह

(4) सूरसिंह

63. 1857 के विप्लव के समय 'राजपूताना रेजीडेन्सी' में 'एजेन्ट टू दि गवर्नर जनरल' (ए.जी.जी.) कौन थे ?

(1) मेजर बर्टन

(2) विलियम ईडन

(3) कैप्टन शॉवर्स

(4) पैट्रिक लॉरेन्स

61. Which among the following statements is not true about Maharaja Ganga Singh of Bikaner ?

(1) Maharaja Ganga Singh was the first Chancellor of 'Narendra Mandal' (Chamber of Indian Princes).

(2) He participated in first Round Table Conference of 1930, as a delegate.

(3) During his reign 'Gajshahi' coins were introduced.

(4) He established 'Praja Pratinidhi Sabha', a representative assembly in Bikaner in 1913 A.D.

62. The fort Junagarh was built by

(1) Rai Singh

(2) Kalyanmal

(3) Anoop Singh

(4) Sur Singh

63. Who was 'Agent to the Governer General' (A.G.G.) in Rajputana Residency at the time of uprising of 1857 ?

(1) Major Burton

(2) William Eden

(3) Captain Showers

(4) Patrick Lawrence



Teachingninja.in

64. राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके द्वारा स्थापित संस्थाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | विजय सिंह पथिक | i. | वीर भारत सभा |
| B. | चाँद मल सुराणा | ii. | गाँधी आश्रम, हटूण्डी |
| C. | केसरी सिंह बारहठ | iii. | सेवा समिति |
| D. | हरिभाऊ उपाध्याय | iv. | मारवाड़ हितकारिणी सभा |

सही उत्तर का चयन निम्न कूटों की सहायता से कीजिए :

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

65. मुंशी समरथदान चारण द्वारा अजमेर से 1889 में प्रारम्भ समाचार-पत्र का क्या नाम था ?

(1) तरुण राजस्थान

(2) नवीन राजस्थान

(3) राजस्थान केसरी

(4) राजस्थान समाचार

66. 15 दिसम्बर, 1945 को मीठालाल व्यास द्वारा जैसलमेर प्रजामंडल की स्थापना की गई

(1) जोधपुर में

(2) जैसलमेर में

(3) बीकानेर में

(4) कलकत्ता में

64. Match the following freedom-fighters of Rajasthan with the institutions established by them :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | Vijay Singh Pathik | i. | Veer Bharat Sabha |
| B. | Chand Mal Surana | ii. | Gandhi Ashram, Hatundi |
| C. | Kesari Singh Bareth | iii. | Sewa Samiti |
| D. | Hari Bhau Upadhyay | iv. | Marwar Hitkarini Sabha |

Choose the right answer with the help of given codes.

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

65. What was the name of the newspaper started by Munshi Samrath Dan Charan in 1889 from Ajmer ?

(1) Tarun Rajasthan

(2) Naveen Rajasthan

(3) Rajasthan Kesari

(4) Rajasthan Samachar

66. On 15th December, 1945, the Jaisalmer Prajamandal, was established by Meetha Lal Vyas in the city of

(1) Jodhpur

(2) Jaisalmer

(3) Bikaner

(4) Calcutta



Teachingninja.in

67. मत्स्य-संघ के निर्माण से सम्बद्ध निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) मत्स्य-संघ का निर्माण राजस्थान के एकीकरण का प्रथम चरण था ।

(2) 'मत्स्य-संघ' नाम के.एम. मुंशी द्वारा दिया गया ।

(3) मत्स्य संघ के राजप्रमुख करौली के महाराजा थे ।

(4) मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री शोभाराम कुमावत थे ।

67. Which one of the following statements regarding formation of Matsya Sangh is incorrect ?

(1) The formation of Matsya Sangh was the first phase of unification of Rajasthan.

(2) The name 'Matsya Sangh' was given by K.M. Munshi.

(3) Maharaja of Karauli was Raj Pramukh of Matsya Sangh.

(4) The Prime Minister of Matsya Sangh was Shobharam Kumavat.

68. राजस्थान के राजनैतिक एकीकरण की प्रक्रिया में कुल कितना समय लगा ?

(1) 7 वर्ष 8 माह 15 दिन

(2) 8 वर्ष 7 माह 15 दिन

(3) 5 वर्ष 8 माह 12 दिन

(4) 8 वर्ष 5 माह 12 दिन

68. What time was taken in the total process of political unification of Rajasthan ?

(1) 7 years 8 months 15 days

(2) 8 years 7 months 15 days

(3) 5 years 8 months 12 days

(4) 8 years 5 months 12 days

69. निम्न में से कौन विद्वान हैं, जो राजस्थानी भाषा-बोलियों से सम्बन्धित कार्य के लिए नहीं जाने जाते ?

(1) नोम चोम्स्की

(2) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन

(3) डॉ. मोतीलाल मेनारिया

(4) डॉ. हीरालाल माहेश्वरी

69. Who among the following scholars is not known for his work related to the language and dialects of Rajasthani ?

(1) Noam Chomsky

(2) George Abraham Grierson

(3) Dr. Moti Lal Menaria

(4) Dr. Hira Lal Maheshwari

70. मालव प्रदेश के राजपूतों में प्रचलित मारवाड़ी और मालवी के सम्मिश्रण से उत्पन्न बोली का क्या नाम है ?

(1) मालवी (2) रांगड़ी

(3) मालड़ी (4) मेवाड़ी

70. What is the name of the dialect produced from conflation of Marwari & Malvi which is prevalent among Rajputs of Malav region ?

(1) Malvi (2) Rangri

(3) Malri (4) Mewari



Teachingninja.in

71. ढूँढाड़ी बोली के प्रचलित विविध रूपों में निम्न में से कौन सा सही नहीं है ?

(1) तोरावाटी (2) नागरचोल
(3) चौरासी (4) खेराड़ी

72. राजस्थानी भाषा के छन्दों के आधार पर रचित 'पिंगल सिरोमणि' ग्रन्थ के रचयिता हैं

(1) किसना आढ़ा
(2) ईसर दास
(3) करणीदान कविया
(4) कुशल लाभ

73. 'राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र' राजस्थान के किस स्थान पर स्थित है ?

(1) नदबई, भरतपुर
(2) सेवर, भरतपुर
(3) नोह, भरतपुर
(4) डीग, भरतपुर

74. भारत को 15 कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों में बाँटा गया है, इनमें से राजस्थान का अधिकांश भाग किस क्षेत्र में है ?

(1) 09 (2) 13
(3) 14 (4) 15

75. राजस्थान में पाई जाने वाली गायों की नस्लों में निम्न में से कौन नहीं है ?

(1) थरपारकर
(2) कांकरेज
(3) चोकला
(4) रथ

71. Which among following prevalent different forms of Dhundhari dialect is not correct ?

(1) Torawati (2) Nagarchol
(3) Chaurasi (4) Kheradi

72. Who is the author of the text 'Pingal Siromani' written on the basis of verses of Rajasthani language ?

(1) Kisna Arha
(2) Isar Das
(3) Karnidan Kaviya
(4) Kushal Labh

73. Where in Rajasthan, National Research Centre on Rapeseed-Mustard is situated ?

(1) Nadbai, Bharatpur
(2) Sewar, Bharatpur
(3) Noh, Bharatpur
(4) Deeg, Bharatpur

74. India is divided in 15 Agro-ecological zones and major portion of Rajasthan falls in which zone ?

(1) 09 (2) 13
(3) 14 (4) 15

75. Which one of the following is not a species of cows found in Rajasthan ?

(1) Tharparkar
(2) Kankrej
(3) Chokla
(4) Rath



Teachingninja.in

76. रामसर (अजमेर) में स्थित 'बकरी विकास एवं चारा उत्पादन परियोजना' हेतु वित्तीय सहयोग किस देश से प्राप्त हुआ है ?

(1) फ्रांस

(2) स्वीडन

(3) डेनमार्क

(4) स्विट्ज़रलैण्ड

76. Which country provided financial assistance for 'Goat Development and Fodder Production Project', located at Ramsar (Ajmer) ?

(1) France

(2) Sweden

(3) Denmark

(4) Switzerland

77. 'शक्कर पीर बाबा' के नाम से प्रसिद्ध हज़रत हाज़िब शक्कर बादशाह की दरगाह स्थित है

(1) नागौर

(2) नरहड

(3) गलियाकोट

(4) सरवाड़

77. The Dargah of Hazrat Hazib Shakkar Badshah, famous as Shakkar Pir Baba, is situated at

(1) Nagaur

(2) Narhad

(3) Galiakot

(4) Sarwad

78. निम्न में से कौन दादू पंथ की शाखाओं में सम्मिलित नहीं है ?

(1) विरक्त

(2) खाकी

(3) गौड़ीय

(4) नागा

78. Which one of the following is not included among branches of Dadu Panth ?

(1) Virakta

(2) Khaki

(3) Gaudiya

(4) Naga

79. सेन (नाई) समाज की कुलदेवी के रूप में प्रसिद्ध लोक-देवी कौन हैं ?

(1) शीतला माता

(2) आई माता

(3) घेवर माता

(4) नारायणी माता

79. Which folk Goddess is known as Kuldevi (Totem) of Sen (Barber) community ?

(1) Sheetla Mata

(2) Aai Mata

(3) Ghewar Mata

(4) Narayani Mata



Teachingninja.in

80. राजस्थान के प्रमुख संत तथा उनके द्वारा स्थापित सम्प्रदायों के सम्बन्ध में कौन से युग्म सही हैं ?

A. रामचरणजी – राम स्नेही सम्प्रदाय (शाहपुरा)

B. लालगिरिजी – अलखिया सम्प्रदाय

C. हरिदासजी – निरंजनी सम्प्रदाय

D. संतदासजी – गूदड़ सम्प्रदाय

अपने उत्तर निम्न कूटों की सहायता से दीजिए :

(1) मात्र A और C सही हैं।

(2) मात्र A और B सही हैं।

(3) मात्र A, C और D सही हैं।

(4) A, B, C और D सभी युग्म सही हैं।

81. खेजड़ी वृक्ष (शमी-वृक्ष) की पूजा का प्रावधान किस पर्व से जुड़ा है ?

(1) गणगौर पर्व

(2) दीपावली पर्व

(3) दशहरा पर्व

(4) पर्यूषण पर्व

82. प्रसिद्ध घोटिया अम्बा का मेला राजस्थान के किस जिले से सम्बद्ध है ?

(1) सीकर (2) बाँसवाड़ा

(3) झालावाड़ (4) जालौर

83. राजस्थान के प्रमुख पशु-मेलों तथा उनसे सम्बद्ध स्थलों के विषय में निम्न में से कौन सा युग्म असत्य है ?

(1) चन्द्रभागा पशु मेला – झालावाड़

(2) सारणेश्वर पशु मेला – नागौर

(3) तिलवाड़ा पशु मेला – बाड़मेर

(4) जसवन्त पशु मेला – भरतपुर

80. Which pairs are right regarding prominent saints of Rajasthan and the sects established by them ?

A. Ramcharanji – Ram Sanehi Sect (Shahpura)

B. Lalgiriji – Alakhiya Sect

C. Haridasji – Niranjani Sect

D. Santdasji – Gudar Sect

Choose the right answer with the help of codes given below :

(1) Only A and C are right.

(2) Only A and B are right.

(3) Only A, C and D are right.

(4) A, B, C and D all are right.

81. With which festival the worship of Khejri tree (Shami Tree) is associated ?

(1) Gangaur Festival

(2) Dipavali Festival

(3) Dussehra Festival

(4) Paryushan Festival

82. With which district of Rajasthan, the famous Ghotia Amba fair is associated ?

(1) Sikar (2) Banswara

(3) Jhalawar (4) Jalore

83. Which one of the following pair is not correct about the famous cattle-fairs of Rajasthan and the places related with them ?

(1) Chandrabhaga Cattle Fair - Jhalawar

(2) Saraneshwar Cattle Fair - Nagaur

(3) Tilwara Cattle Fair - Barmer

(4) Jaswant Cattle Fair – Bharatpur



Teachingninja.in

**84.** निम्न में से कौन सा मात्र पुरुषों द्वारा किया जाने वाला नृत्य नहीं है ?

(1) गैर (2) ढोल

(3) लूर (4) अग्नि

**85.** 'पाबूजी की फड़' में भोपा द्वारा प्रयोग किया जाने वाला लोकवाद्य है

(1) रावण हत्था (2) कुण्डी

(3) मंजीरा (4) पूँगी

**86.** चारबैत क्या है ?

(1) नाथ समुदाय से जुड़ा प्रसिद्ध नृत्य

(2) गैर नृत्य के साथ प्रयुक्त वाद्य

(3) गरासिया जनजाति से जुड़ा गीत

(4) काव्य से भरपूर एक लोकनाट्य विधा

**87.** राजस्थान के एकमात्र शास्त्रीय नृत्य कत्थक के जयपुर घराने के प्रवर्तक माने जाते हैं

(1) लच्छन महाराज

(2) भानुजी महाराज

(3) बिरजू महाराज

(4) उदयशंकर जी

**88.** निम्न में से कौन सी संस्था कठपुतली–कला के राजस्थान में संरक्षण–संवर्धन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती है ?

(1) इंडियन आर्ट पैलेस, दिल्ली

(2) सार्दूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेर

(3) भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर

(4) राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर

**84.** Which one of the following dances is not done by men only ?

(1) Ger (2) Dhol

(3) Loor (4) Agni

**85.** The folk instrument used by Bhopa in 'Phad of Paabuji' is

(1) Ravan Hattha (2) Kundi

(3) Manjeera (4) Pungi

**86.** What is Chaar-bait ?

(1) A famous dance of Nath community

(2) An instrument used in Ger dance

(3) Song associated with Garasia tribe

(4) A form of Lok Natya full of poetry

**87.** Who is considered the promoter of Jaipur Gharana Katthak being the only classical dance of Rajasthan ?

(1) Lachhan Maharaj

(2) Bhanuji Maharaj

(3) Birju Maharaj

(4) Udai Shankarji

**88.** Which of the following organisations is known for its important role in preservation and promotion of the art of puppetry in Rajasthan ?

(1) Indian Art Palace, Delhi

(2) Sardool Rajasthani Research Institute, Bikaner

(3) Bhartiya Lok Kala Mandal, Udaipur

(4) Rajasthani Shodh Sansthan, Jodhpur



Teachingninja.in

89. बीजा और माला उपजातियाँ किस जनजाति से सम्बद्ध उपजातियाँ हैं ?

(1) सांसी (2) भील
(3) डामोर (4) गरासिया

90. सामाजिक-सहकारी संस्था 'हेलरू' राजस्थान की किस जनजाति से सम्बद्ध है ?

(1) सहरिया (2) कंजर
(3) भील-मीणा (4) गरासिया

91. निम्न में से कौन सा राजस्थान में स्त्रियों द्वारा गले में पहना जाने वाला आभूषण नहीं है ?

(1) ओगनिया (2) आड़
(3) मादलिया (4) तेवटा

92. मेवाड़ महाराणा के पगड़ी बाँधने वाला व्यक्ति कहलाता था

(1) पानेरी (2) छड़ीदार
(3) छाबदार (4) जांगड़

93. 'खोयतू' वस्त्र सम्बन्धित है

(1) मीणा जनजाति से
(2) भील जनजाति से
(3) गरासिया जनजाति से
(4) सहरिया जनजाति से

94. अजमेर लघु-चित्र शैली को समृद्ध करने वाले चित्रकारों में एक स्त्री चित्रकार का प्रमुख स्थान है। वह कौन है ?

(1) शीरीन (2) तारिणी
(3) नौशीन (4) साहिबा

95. 'ब्लू पॉटरी' की प्रसिद्ध कला इससे पूर्व किस नाम से जानी जाती थी ?

(1) नीलगिरि (2) जामदानी
(3) कामचीनी (4) मृण्मय

89. With which tribe, the Bija and Mala sub-castes are related ?

(1) Sansi (2) Bhil
(3) Damor (4) Garasia

90. With which tribe of Rajasthan socio-co-operative institution 'Helroo' is associated ?

(1) Saharia (2) Kanjar
(3) Bhil-Meena (4) Garasia

91. Which one of the following is not a jewellery of neck, worn by women of Rajasthan ?

(1) Ogania (2) Aad
(3) Madlia (4) Tevta

92. The person who used to wrap the Turban of Mewar Maharana, was called

(1) Paneri (2) Chhadidar
(3) Chhabdar (4) Jangad

93. 'Khoytu' cloth belongs to

(1) Meena tribe
(2) Bhil tribe
(3) Garasia tribe
(4) Saharia tribe

94. A woman painter holds prominent place among painters who enriched the miniature painting style of Ajmer. Who is she ?

(1) Shirin (2) Tarini
(3) Nausheen (4) Sahiba

95. By which name the famous art of Blue Pottery was previously known ?

(1) Nilgiri (2) Jamdani
(3) Kamchini (4) Mrinmay



Teachingninja.in

96. परमार राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अर्थूणा (अर्थपूर्णा) नगर राजस्थान के किस जिले में स्थित है ?

(1) बाँसवाड़ा
(2) प्रतापगढ़
(3) उदयपुर
(4) डूंगरपुर

97. दिलवाड़ा स्थित प्रसिद्ध तेजपाल मंदिर अथवा लून वसहि मंदिर किस तीर्थंकर को समर्पित है ?

(1) आदिनाथजी
(2) पार्श्वनाथजी
(3) नेमिनाथजी
(4) महावीर स्वामी

98. किस प्रसिद्ध दुर्ग की सुदृढ़ नैसर्गिक सुरक्षा-व्यवस्था से प्रभावित होकर अबुल फजल ने लिखा कि "अन्य सब दुर्ग नग्न हैं, जबकि यह दुर्ग बख्तरबंद है" ?

(1) रणथम्भौर
(2) चित्तौड़
(3) मेहरानगढ़
(4) आमेर

99. 'झिम्मी' क्या है ?

(1) पुत्र-जन्म के पश्चात् चौदहवें दिन होने वाली रस्म
(2) पर्यूषण-पर्व के दौरान तीन दिन का उपवास
(3) फेरे अथवा सप्तपदी के समय मामा द्वारा दी गई और वधू द्वारा पहनी गई गोटे-किनारी युक्त लाल-गुलाबी ओढ़नी
(4) संतान-प्राप्ति के बाद बेटी को विधि-विधान से ससुराल विदा करने की प्रक्रिया

96. In which district of Rajasthan the 'Arthuna' (Arthpoorna) city, famous for its temples built by Parmar Kings is located ?

(1) Banswara
(2) Pratapgarh
(3) Udaipur
(4) Dungarpur

97. To which Tirthankar, the famous Tejpal temple or Loon Vasahi temple of Dilwara is dedicated ?

(1) Adinathji
(2) Parshwanathji
(3) Neminathji
(4) Mahavir Swami

98. Impressed by strong natural security system of which famous fort, Abul Fazl wrote that "All other forts are unclad, while this fort is armoured" ?

(1) Ranthambhore
(2) Chittor
(3) Mehrangarh
(4) Amer

99. What is 'Jhimmi' ?

(1) A Ritual of $14^{th}$ day after birth of a son.
(2) A three day fasting during Paryooshan Parva.
(3) A Red-Pink mantilla (Odhani) of Gota-Kinari, worn by bride during 'Saptapadi' or 'Phere' gifted by Maternal uncle.
(4) A process of sending off the daughter ritually for in-laws home after baby-birth.


Teachingninja.in

100. राजस्थान में गोला, दरोगा, चाकर, चेला आदि सम्बोधन किसके लिए प्रयुक्त होते थे ?

(1) तांत्रिक के लिए

(2) घरेलू दास के लिए

(3) पुलिसकर्मी के लिए

(4) बन्धुआ मजदूर के लिए

101. आदिवासियों में प्रचलित लीला–मोरिया संस्कार किस अवसर से जुड़ा हुआ है ?

(1) विवाह

(2) सगाई

(3) जन्म

(4) नामकरण

102. गणेश्वर सभ्यता का विकास किस नदी के किनारे हुआ ?

(1) बनास

(2) लूनी

(3) कांतली

(4) बाणगंगा

103. नीचे कुछ छतरियों और उनके स्थलों के नाम दिए गए हैं । इनमें से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(1) कुँवर पृथ्वीराज की छतरी – कुंभलगढ़

(2) ब्राह्मण देवता की छतरी – मण्डोर

(3) 80 खम्भों की छतरी – बूँदी

(4) मामा भांजा की छतरी – जोधपुर

100. For whom the address Gola, Daroga, Chakar, Chela etc. were used in Rajasthan ?

(1) For an occultist

(2) For a domestic slave

(3) For a policeman

(4) For a bonded labour

101. With which occasion the Lila-Moria ceremony, prevalent in Tribes, is associated ?

(1) Marriage

(2) Engagement

(3) Birth

(4) Naming (Namkaran)

102. On the bank of which river the Ganeshwar Culture flourished ?

(1) Banas

(2) Luni

(3) Kantali

(4) Banganga

103. Here are names of some Chhataries (Ciboriums) and their places. Which one of these is not matched correctly ?

(1) Chhatari of Kunwar Prithviraj – Kumbhalgarh

(2) Chhatari of Brahman Devata – Mandore

(3) Chhatari of 80 Pillars – Bundi

(4) Chhatari of Mama-Bhanja – Jodhpur



Teachingninja.in

104. करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर किस स्थल पर स्थित है ?

(1) नागदा (2) देशनोक

(3) धुलेव (4) बालोतरा

105. सैयद मीरान साहब की दरगाह किस किले में स्थित है ?

(1) तारागढ़ दुर्ग, अजमेर

(2) मेहरानगढ़ दुर्ग, जोधपुर

(3) गागरोन दुर्ग, झालावाड़

(4) जूनागढ़ दुर्ग, बीकानेर

106. रूणीचा के बाबा रामदेव के अनुयायी किस पंथ के अन्तर्गत समाविष्ट हैं ?

(1) कामड़िया पन्थ

(2) नवल पन्थ

(3) बैराग पन्थ

(4) नाथ पन्थ

107. मुकन्दवारा पहाड़ियाँ मुख्यतः किस जिले में फैली हैं ?

(1) जयपुर जिला

(2) बाँसवाड़ा जिला

(3) कोटा जिला

(4) अलवर जिला

108. 'डांगलैंड' किसका भाग है ?

(1) भोरात पठार

(2) आबू पर्वत

(3) करौली पठार

(4) चित्तौड़गढ़

104. Where is the famous temple of Karni Mata situated ?

(1) Nagda (2) Deshnok

(3) Dhulev (4) Balotra

105. In which fort, Dargah of Syed Miran Sahib is situated ?

(1) Taragarh Fort of Ajmer

(2) Mehrangarh Fort of Jodhpur

(3) Gagron Fort of Jhalawar

(4) Junagarh Fort of Bikaner

106. In which sect, the followers of Baba Ramdev of Runicha are included ?

(1) Kamadiya Sect

(2) Naval Sect

(3) Bairag Sect

(4) Nath Sect

107. Mukundwara hills largely extend in which district ?

(1) Jaipur district

(2) Banswara district

(3) Kota district

(4) Alwar district

108. 'Dangland' is a part of

(1) Bhorat Plateau

(2) Mt. Abu

(3) Karauli Plateau

(4) Chittorgarh



Teachingninja.in

109. सारणी I एवं सारणी II में दिए गए भौतिक विभाग एवं संबंधित जिले का सही मिलान है

| सारणी–I (भौतिक विभाग) | | सारणी–II (जिला) | |
|---|---|---|---|
| A. | भाकर | i. | बाँसवाड़ा |
| B. | गिरवा | ii. | नागौर |
| C. | वागड़ | iii. | सिरोही |
| D. | बांगर | iv. | उदयपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

110. हर्ष पर्वत राजस्थान के किस जिले में स्थित है ?

(1) उदयपुर (2) नागौर
(3) जयपुर (4) सीकर

111. निम्नलिखित नदियों में से कौन सी नदी 'मृत नदी' कहलाती है ?

(1) घग्घर (2) बाणगंगा
(3) लूनी (4) काँतली

112. निम्न में से कौन सी झील में रूपनगढ़, मेन्ढा एवं खंडेला नदियाँ अपना पानी प्रवाहित करती हैं ?

(1) फलौदी झील
(2) सांभर झील
(3) पचभदरा झील
(4) डीडवाना झील

109. The correct match of physiographic region and related district given in List-I and List-II is :

| List-I (Physiographic Region) | | List-II (District) | |
|---|---|---|---|
| A. | Bhakar | i. | Banswara |
| B. | Girwa | ii. | Nagaur |
| C. | Vagad | iii. | Sirohi |
| D. | Bangar | iv. | Udaipur |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | iii | iv | ii | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

110. In which district of Rajasthan Harsh mountain is located ?

(1) Udaipur (2) Nagaur
(3) Jaipur (4) Sikar

111. Which of the following rivers is known as a 'Dead River' ?

(1) Ghaggar (2) Banganga
(3) Luni (4) Kantali

112. In which one of the following lakes Rupangarh, Mendha and Khandela rivers drain their water ?

(1) Phalodi Lake
(2) Sambhar Lake
(3) Pachbhadra Lake
(4) Didwana Lake



Teachingninja.in

113. अपवाह बेसिनों का उत्तर से दक्षिण सही क्रम है

(1) साबी – बाणगंगा – बेड़च – सोम

(2) बाणगंगा – साबी – बेड़च – सोम

(3) साबी – बेड़च – सोम – पश्चिमी बनास

(4) बनास – पश्चिमी बनास – सोम – बेड़च

114. केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान स्थित है

(1) जोधपुर

(2) श्रीगंगानगर

(3) सवाई माधोपुर

(4) बीकानेर

115. राजस्थान में दो प्रमुख कपास उत्पादक जिले हैं

(1) अलवर एवं भरतपुर

(2) कोटा एवं बारां

(3) जयपुर एवं दौसा

(4) गंगानगर एवं हनुमानगढ़

116. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग कितना भाग थार मरुस्थल के अन्तर्गत आता है ?

(1) 40 प्रतिशत

(2) 61 प्रतिशत

(3) 67 प्रतिशत

(4) 56 प्रतिशत

113. The correct order of drainage basins from north to south is :

(1) Sabi – Banganga – Berach – Som

(2) Banganga – Sabi – Berach – Som

(3) Sabi – Berach – Som – West Banas

(4) Banas – West Banas – Som – Berach

114. Central Institute for Arid Horticulture is located in

(1) Jodhpur

(2) Sri Ganganagar

(3) Sawai Madhopur

(4) Bikaner

115. Two leading districts of cotton production in Rajasthan are

(1) Alwar and Bharatpur

(2) Kota and Baran

(3) Jaipur and Dausa

(4) Ganganagar and Hanumangarh

116. Approximately how much part of the total area of Rajasthan is covered by Thar desert ?

(1) 40 percent

(2) 61 percent

(3) 67 percent

(4) 56 percent



Teachingninja.in

117. किस संस्कृति से जुड़े स्थल प्रमुख रूप से बनास तथा उसकी सहायक नदियों की घाटियों में प्राप्त हुए हैं ?

(1) गणेश्वर संस्कृति

(2) लौह-युग संस्कृति

(3) आहड़ संस्कृति

(4) हड़प्पा संस्कृति

118. महाराणा कुम्भा के समय का प्राचीनतम ज्ञात अभिलेख (विक्रमी संवत् 1490) प्राप्त होता है ग्राम-

(1) माछा से

(2) धुलेव से

(3) सिंघोली से

(4) पदराड़ा से

119. राणा सांगा और बाबर के मध्य खानवा का युद्ध कब लड़ा गया ?

(1) 13 मार्च, 1527

(2) 17 मार्च, 1527

(3) 16 फरवरी, 1527

(4) 18 फरवरी, 1527

120. 1582 ई. में महाराणा प्रताप की दिबेर-विजय के समय वहाँ के अधिकारी थे

(1) सुल्तान खान गोरी

(2) अब्दुर्रहीम खानखाना

(3) अब्दुल्ला खान

(4) शाहबाज खान

117. Sites of which culture have been found mainly in the river valleys of the Banas and its tributaries ?

(1) Ganeshwar Culture

(2) Iron Age Culture

(3) Ahar Culture

(4) Harappa Culture

118. The earliest known inscription of the reign of Maharana Kumbha (VE 1490) is found from village

(1) Machha

(2) Dhulev

(3) Singholi

(4) Padrada

119. When was the battle of Khanwa between Rana Sanga and Babar fought ?

(1) 13th March, 1527

(2) 17th March, 1527

(3) 16th February, 1527

(4) 18th February, 1527

120. At the time of Diber-Victory by Maharana Pratap in 1582 A.D., Diber was under the charge of

(1) Sultan Khan Gori

(2) Abur Rahim Khan Khana

(3) Abdullah Khan

(4) Shahbaz Khan



Teachingninja.in

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK



Teachingninja.in